सार-समाचार

दिव्यांग स्कूटी योजना के आवेदन 15 तक

अजमेर। राजस्थान सरकार बजट वर्ष 2025-26 की घोषणा के अन्तर्गत मुख्यमंत्री दिव्यांग स्कूटी योजना-2025 के लिए विशेष योग्यजनों से आवेदन आमंत्रित किए गए है। इसमें अजमेर जिले को आवंटित लक्ष्य 77 हुए है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक जयप्रकाश ने बताया कि मुख्यमंत्री दिव्यांग स्कूटी योजना की पात्रता की शर्त एवं वांछित दस्तावेज निर्धारित किए गए है। आय प्रमाण पत्र के लिए पीपीओ आदेश अथवा 2 लाख रूपए से कम आय का प्रमाण पत्र होना चाहिए। नि:शक्तता प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, जन आधार कार्ड, आयु प्रमाण पत्र, कॉलेज जाने का प्रमाण, रोजगार पर जाने का प्रमाण एवं आवेदक द्वारा पिछले 8 वर्ष में भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित किसी भी योजनान्तर्गत मोटराइज्ड ट्राई साइकिल एवं स्कूटी वाहन प्राप्त नहीं किए जाने के संबंध में शपथ पत्र देना होगा। इसके साथ ही दिव्यांगता दर्शाती हुई फोटो और ड्राईविंग लाईसेन्स भी अनिवार्य रूप से देना होगा। इच्छुक आवेदक को अपने आवेदन प्रस्ताव निर्धारित प्रपत्र में 15 मई तक ऑनलाइन एसएसओ पोर्टल पर एसजेएमएस डीएसएपी आईकन के माध्यम से करना होगा।

चिकित्सा शिविर का आयोजन

अजमेर। नेशनल मेडिकोज़ ऑर्गनाइजेशन (एनएमओ), अजमेर महानगर इकाई द्वारा 'समरसता सप्ताह' के अंतर्गत राष्ट्रऋषि डॉ. भीमराव राम जी अंबेडकर की जयंती के अवसर पर सेवा बस्तीयों के लिए एक मल्टी स्पेशियलिटी नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है।यह शिविर रविवार, 20 अप्रैल 2025 को प्रात: 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक आदर्श विद्या निकेतन स्कूल, भगवानगंज, अजमेर में आयोजित होगा।इस शिविर में फिजिशियन, सर्जन, बाल रोग विशेषज्ञ, हड्डी रोग विशेषज्ञ, आँख तथा नाक-कान-गला रोग विशेषज्ञों की निशुल्क विशेषज्ञ सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। साथ ही, मरीजों को निशुल्क दवाइयां भी प्रदान की जाएंगी।शिविर का शुभारंभ सेवा भारती के विभाग संगठन मंत्री व प्रचारक कृष्ण मोहन द्वारा किया जाएगा।एनएमओ अजमेर महानगर इकाई के अध्यक्ष डॉ. लाखन पोसवाल ने बताया कि स्वास्थ्य सेवा से राष्ट्र सेवा के उद्देश्य से संगठन की ओर से समय-समय पर इस प्रकार के सेवा कार्य किए जाते हैं, जिससे समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंच सकें।

घटिया सामग्री का उपयोग

आसींद, (निसं)। नगर पालिका में बन रहे पीडब्ल्यूडी रोड में घटिया सामठी का उपयोग किए जाने से स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है। ब्यावर भीलवाड़ा रोड पथवारी से लेकर ब्राह्मण मोहल्ला,शीतला माता मंदिर चौक ,बड़ा मंदिर तक बनी हुई सड़क पर एक बार भी नहीं हुआ है पानी का छिड़काव और बिना नाप चौक एवं बिना लेवल के बन रही है नालियां जिससे बारिश का पानी कस्बे से बाहर निकासी होने में आ रही है कठिनाई, एक पखवाड़े पूर्व विधायक जबर सिंह सांखला ने उक्त सड़क का किया था।

जवाहर लाल नेहरू चिकित्सालय में नवीन मेडिसन ब्लॉक शुरु

अजमेर । जवाहर लाल नेहरू चिकित्सालय परिसर में नवीन मेडिसिन ब्लॉक का शुभारम्भ शुक्रवार को किया गया। अजमेर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा स्वीकृत परियोजना राशि रूपए 37.8 करोड़ की लागत से निर्मित मेडिसिन ब्लॉक का लोकार्पण किया गया। नवीन मेडिसिन ब्लॉक के जी प्लस 6 मंजिला भवन में 258 सामान्य बैड तथा 40 सुपर स्पेशियलिटी आईसीयू बैड क्षमता होगी। आईसीयू में 40 सुपर स्पेशियलिटी बैड हैं। ओपीडी में 20 चिकित्सकों की ओपीडी, डीडीसी दवाई वितरण केन्द्र, सोनोग्राफी कक्ष, एआरटी सेन्टर, ईसीजी रूम, फैकल्टी रूम, सेमिनार रूम, बोर्ड मिटिंग रूम, लाईब्रेरी, लिफ्ट, बेसमेंट पार्किंग, फायर फाईटिंग सिस्टम, सोलर वाटर हीटर के अतिरिक्त समस्त बैड एवं उपकरण को सेन्टर ऑक्सीजन सप्लाई से जोड़ा गया हैं। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने अपने संबोधन में कहा कि जेएलएन चिकित्सालय संपूर्ण संभाग के लिए चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराता है। इसका लाभ अजमेर एवं नागौर के निवासियों को अधिक मिलता है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने चिकित्सालय के विकास के लिए पूर्ण सहयोग प्रदान किया है। अब तक 2000 करोड़ से अधिक का बजट मिला है। सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक के लिए प्रथम चरण में 65 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई है। बारिश के दौरान पानी के भरने की समस्या के समाधान के लिए भी 50 करोड़ से कार्य करवाए जाएंगे। चिकित्सा महाविद्यालय का नवीन परिसर का कार्य निर्माणाधीन है। इसका कार्य जल्द ही पूर्ण होने से सुविधाओं में काफी विस्तार होगा। महिला चिकित्सालय में पीजी हॉस्टल तथा जेएलएन चिकित्सालय में

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने अस्पताल में नवीन मेडिसन ब्लॉक का शुभारंभ किया।

सर्जिकल ब्लॉक मय ट्रॉमा सेंटर का कार्य भी चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार में लाभप्रद होगा। मरीजों एवं परिजनों के लिए एक रुपए में स्वाभिमान भोजन उपलब्ध कराना अपने आप में एक बड़ा कदम है।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने कहा कि हृदय रोग विभाग के लिए योग्य फैकल्टी जल्द ही लगाई जाएगी। नया मेडिसिन ब्लॉक चिकित्सा सुविधाओं के क्षेत्र में बड़ी सौगात होगी। जनसंख्या और बीमारियों में समय के साथ वृद्धि हो रही है। जीवन शैली में बदलाव के कारण चिकित्सा सुविधाओं पर दबाव बढ़ा है। नए मेडिसिन ब्लॉक में पार्किंग की सुविधा मिलेगी। केंद्रीय नर्सिंग स्टेशन होने से नर्सिंग कर्मियों का मूवमेंट सही रहेगा। मरीज को पलंग पर ही ऑक्सीजन की सुविधा मिलने से उपचार में आसानी रहेगी। उन्होंने कहा की बीमार व्यक्ति के लिए चिकित्सक ईश्वर तुल्य होता है। उसे चिकित्सक पर पूरा भरोसा होता है। चिकित्सकीय पेशा पूजा के समान है। विभाग में ट्रेनिंग पॉइंट आने वाला है। अब संसाधनों की कमी नहीं रहेगी। सरकार द्वारा 23 हजार से अधिक भर्तियां की जा चुकी है। इन भर्तियों में पदस्थापन ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से होने के कारण निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ पदस्थापन दिया गया है। सरकार मा वाउचर योजना का दायरा बढ़ाने पर विचार कर रही है। केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि मरीज को चिकित्सक पर ईश्वर के समान आस्था रहती है। नए मेडिसिन ब्लॉक के बनने से पूरे संभाग के व्यक्तियों को लाभ मिलेगा। राष्ट्र को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संकल्पित है। जलसंसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने कहा कि अजमेर में चिकित्सकों तथा नर्सिंग कर्मियों एवं सहायक चिकित्सा कार्मिकों के पद बड़ी संख्या में रिक्त है। इनको भरने के लिए विभागीय स्तर पर कार्यवाही होनी चाहिए। जयपुर सहित राज्य के अन्य क्षेत्रों में अधिशेष चिकित्सकों एवं कार्मिकों को अजमेर में पदस्थापन करने से चिकित्सा सेवाएं बेहतर होगी । इस अवसर पर उपमहापौर नीरज जैन, चिकित्सा विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. एस.एस. जोधा, जेएलएन चिकित्सालय के अधीक्षक डॉ. अरविन्द खरे, मेडीकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अनिल सामरिया सहित चिकित्सक उपस्थित रहे।

विश्व विरासत दिवस मनाया

अजमेर। वर्ल्ड हेरिटेज डे अर्थात विश्व विरासत दिवस 18 अप्रैल के अवसर पर अजमेर मण्डल पर रेल विरासत का परिचय कराने के लिए अजमेर स्टेशन पर डिजिटल डिस्प्ले किया गया और पोस्टर, बैनर लगाए गए। इस वर्ष विश्व विरासत दिवस समारोह की थीम (विषय) 'आपदा एवं संघर्ष प्रतिरोधी विरासत- विरासत की सुरक्षा के संबंध में कार्यवाही' है।

विश्व विरासत दिवस की पूर्व संध्या 17 अप्रैल को अजमेर मंडल के डीआरएम ऑफिस को सजाया गया और रेलवे की समृद्ध विरासत के बारे में अधिक जागरूकता फैलाने के लिए अजमेर के रेल संग्रहालय को स्कूली बच्चों और आम जनता के लिए बिना शुल्क लिए प्रवेश खुला रखा गया। अजमेर रेलवे वर्कशॉप में भी हेरिटेज साधनों, हेरिटेज गैलरी को सजाकर हेरिटेज दिवस मनाया गया। वर्कशॉप में सेमिनार, सम्मेलन और व्याख्यान आदि का भी आयोजन किया गया।

कंक्रीट के जंगलों से दूर अद्भुत प्राकृतिक सौंदर्य के साथ-साथ अमूल्य विरासत को बचाने का संकल्प, प्रकृति के संरक्षण का संदेश, कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प को समझने की जगह। यह है मारवाड़ से फुलाद होते हुए खामलीघाट तक मीटर गेज रेलवे लाइन पर वैली क्वीन हेरिटेज ट्रेन का सफर। खुद से मिलने का मौका यहीं मिलता है। यह सफर आपको मंजिल तक तो पहुंचाता ही है, साथ ही यह भी बताता है कि हम इस सफर से क्या सीख सकते हैं। यहां शिखर भी हैं और गहरे गर्त भी। यहां आधुनिकता भी है और परंपरा भी। कभी मेवाड़ और मारवाड़ का यह मिलन स्थल आज मिल्ककेक के लिए मशहूर है। रास्ते में पुरानी इमारतें आपको फिर से बसने का निमंत्रण देती हैं, कभी आकर इसे महसूस करें।

कर्नल टॉड के प्रवास के दौरान अस्तित्व में रहा यह क्षेत्र अब फिर प्रासंगिक हो गया है। ट्रेन हरी-भरी घाटियों, हरी-भरी पहाड़ियों, दुर्लभ वनस्पतियों और जीवों से होकर गुज़रती है। इस मार्ग पर 2 सुरंगें हैं जो लगभग सौ साल पुरानी हैं और खूबसूरत जल धाराओं पर 172 छोटे-बड़े पुल हैं।

देश की धरोहर को दर्शाने वाली हेरिटेज ट्रेन यानी 'वैली क्वीन एक्सप्रेस' की लगातार लोकप्रियता बढ़ती जा रही है यह पर्यटकों को बहुत लुभा रही है।

खोया पाया

मेरी एक कृषि भूमि जो तह. बहरोड, ग्राम बर्डोद जिला अलवर में स्थित है जिसका खसरा नंबर 3646 एवं नया खाता नंबर 1189 पुराना 1123 है इस भूमि की रजिस्ट्री मुझसे फोटो कॉपी कराते समय पंचशील नगर अजमेर से वैशाली नगर अजमेर के बीच कही खो गयी है जिस किसी को मिले सूचित करे।
पता-श्रीमति मंजू गौर पत्नी प्रकाश चंद गौर, अजमेर मो. नं.-8619808223

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी मुवक्किला (पक्षकार) श्रीमती पुष्पा सबनानी उम्र 66 वर्ष पत्नि श्री वासदेव जाति सिंधी निवासी अजमेर का पुत्र अनिल सबनानी व पुत्रवधु मेघा उर्फ लता सबनानी से काफी अर्से से मतभेद रहते इनका पुत्र व पुत्रवधु इनकी आज्ञा का पालन नहीं करने व मेरी वृद्ध मुवक्किला के साथ आये दिन दुर्व्यवहार करते हुए अक्सर गाली गलौच करते है। कि उक्त अनिल व लता सबनानी ने मेरी मुवक्किला की अचल सम्पति सं. 3-डी. जो अजमेर थोक मालियान-2 के अन्तर्गत सतगुरु कॉलोनी, जागृती नगर, अजमेर में स्थित की भूमि खसरा सं. 5464 के भू-भाग पर निर्मित सम्पति को बदनियति से अपने नाम करवाने हेतु जाली दस्तखत करवा दिये है, जिन्हें शून्य समझा जाये। अतः इनके पुत्र द्वारा उक्त सम्पति को खुर्द-बुर्द करने की नीयत से ओरिजनल दस्तावेज अपने पास दबा रखे है। कि मेरी उक्त मुवक्किला ने अपने पुत्र अनिल सबनानी व पुत्रवधु मेघा उर्फ लता सबनानी को परिवार की समस्त चल व अचल सम्पति से पूरी तरह से बेदखल कर दिया है और उक्त सम्पति पर कोई स्वामित्व अधिकार नहीं है एवम् हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि अब भविष्य में जो कोई भी अनिल सबनानी या उनकी पत्नि से लेन-देन का व्यवहार करेगें उसके लिए वे मेरी मुवक्किला को कतई जिम्मेदार नहीं ठहराये। सो सूचित रहे।
-अर्जुन बालचन्दानी(अभिभाषक), 7 स्टेशन रोड, अजमेर(राज.)

'कथा सुनने से भवसागर होता है पार'

सरवाड़। शहर में स्थित श्री मंशापूर्ण गणेश मंदिर में शुक्रवार को नव कुंडात्मक महायज्ञ में यजमानों ने हवन में आहुतियां दी इस अवसर पर ठामाचार्य पंडित राजेन्द्र प्रसाद तिवाड़ी के निर्देशन तथा श्री 108 महंत लक्ष्मण दास महाराज अखिल भारतीय दिगंबर अखाड़ा वृंदावन के सानिध्य में नव कुंडात्मक महायज्ञ में प्रधान कुंड पर गोपाल सिंह लाखनोत ने हवन में आहुतियां दी इस कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए साधु संतों का पहुंचने का क्रम शुरू हो गया इस दौरान मिंडकी महादेव धाम के महंत नंदकिशोर दास ने श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन कथा में बताया कि यह कथा मन के भीतर छिपी कामनाओं व वासनाओं को मिटाकर प्राणियों को भवसागर से पार उतार देती है कथा के ज्ञान को अपने जीवन में धारण करना चाहिए जो भी मनुष्य इस कथा को सुनता है वह भवसागर पार होता है इस मौके पर काफी संख्या में महिलाएं व पुरुष मौजूद रहे।

बारात को रुकवा ईडी की कार्रवाई का विरोध

शाहपुरा । शुक्रवार को जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष रामेश्वर सोलंकी के पुत्र विनोद की बारात प्रस्थान का कार्यक्रम दोपहर में था । लगभग उसी समय ईडी की कार्यवाही के विरोध में शाहपुरा ब्लॉक और नगर कांग्रेस कमेटी की ओर से विरोध - प्रदर्शन का आयोजन भी था। सोलंकी ने बारात को थोड़ी देर के लिए रुकवाते हुए पहले संघठन के विरोध प्रदर्शन के कार्यक्रम में शामिल हुये, जिसकी सभी कांग्रेस जनों ने जमकर तारीफ की। सोलंकी ने कहा की कांग्रेस पार्टी का जीवन में सर्वोपरी स्थान है। दूसरी ओर केन्द्र की मोदी सरकार ने राजनैतिक प्रतिशोध और कांग्रेस की बढ़ती लोकप्रियता से घबराकर ऐतिहासिक नेशनल हेराल्ड की सम्पति को जब्त करने की कार्यवाही और बिना कानूनी प्रक्रिया अपनाए लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गाँधी, यूपीए चेयरपर्सन सोनिया गाँधी और अन्य प्रमुख कांग्रेस नेताओं के खिलाफ ईडी का मनमाना उपयोग करते हुऐ कानूनी चार्जशीट पेश करने को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुये नगर कांग्रेस अध्यक्ष बालमुकुन्द तोषनीवाल ने कहा कि केंद्र सरकार सरकारी संस्थाओं का दुरुपयोग बंद करे। शुक्रवार को भीलवाड़ा जिला कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी के निर्देशानुसार ईडी की कार्यवाही के विरोध में शाहपुरा ब्लॉक और नगर कांग्रेस कमेटी की ओर से विरोध - प्रदर्शन का आयोजन मुख्य डाकघर, आसींद रोड, शाहपुरा पर किया गया। जिसको वरिष्ठ कांग्रेस नेता अशोक भारद्वाज, पीसीसी सदस्य संदीप जीनगर,सद्दीक पठान ने संबोधित किया। इस दौरान सुनील मिश्रा, जिला कांग्रेस के पूर्व पदाधिकारी, पंचायती राज एवं स्थानीय निकायों के निर्वाचित प्रतिनिधि एवं प्रत्याशी, अग्रिम संगठनों के पदाधिकारी, ब्लॉक एवं मण्डल के पूर्व पदाधिकारी तथा युवा साथी उपस्थित रहें।

प्रकाश पर्व हर्षोल्लास से मनाया

बिजयनगर, (निसं)। ट्रस्ट श्री गुरु सिंह सभा बिजयनगर के तत्वाधान में श्री गुरु तेग बहादुर साहब का प्रकाश पर्व श्रद्धा के साथ मनाया गया। शुक्रवार सुबह गुरुद्वारा साहिब परिसर में दीवान में श्री सुखमणि साहिब जी का पाठ आयोजन किया गया उसके उपरांत कीर्तन दरबार भाई गुरुदीप सिंह ने संगत को कथा व कीर्तन से निहाल किया। संपूर्ण समाप्ति के बाद अटूट जलपान वितरण किया गया। ट्रस्ट के प्रधान हरगोविंद सिंह टुटेजा, संरक्षक व पूर्व पार्षद गुरु भेज सिंह टुटेजा, सचिव दिलप्रीत सिंह टुटेजा, कोषाध्यक्ष जगजीत सिंह टुटेजा, पत्रकार तरनदीप सिंह , एडवोकेट गुरुप्रीत कौर सहित सिख समाज के महिला पुरुष युवा उपस्थित रहे ।

ALTU क्रेडो होम फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड
Altum® Credo Home Finance
रजि. कार्यालयः फ्लोर नंबर 7, कल्पतरु इनफिनिया, वाकडेवाडी शिवाजीनगर, पुणे 411005 महाराष्ट्र (भारत)

परिशिष्ट IV कब्जे का नोटिस (अचल संपत्ति के लिए)

नीचे हस्ताक्षरकर्ता, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 ("SARFAESI अधिनियम, 2002") के तहत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 ("प्रवर्तन नियम") के नियम 3 के साथ धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, Altum Credo Home Finance Pvt. Ltd. (ACHFL) के प्राधिकृत अधिकारी हैं। कंपनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता और गारंटर (सामूहिक रूप से "उधारकर्ता" के रूप में संदर्भित) को जारी किए गए डिमांड नोटिस में उल्लिखित राशि को 60 दिनों के भीतर चुकाने के लिए कहा गया है। उधारकर्ताओं द्वारा राशि चुकाने में विफल रहने के कारण, उधारकर्ताओं और आम जनता को नोटिस दिया जाता है कि नीचे हस्ताक्षरकर्ता ने प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 8 के साथ सपठित संयुक्त स्टॉक अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (4) के तहत उसे प्रदत्त शक्तियों के अधिरोहण में नीचे वर्णित संपत्ति का प्रतीकात्मक/भौतिक कब्जा ले लिया है। उधारकर्ता का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधान की ओर आकर्षित किया जाता है, उपलब्ध समय की प्राप्ति पर, सुरक्षित परिसंपत्तियों को छुड़ाने के लिए। विशेष रूप से उधारकर्ताओं और आम जनता को एतद्वारा संपत्ति से निपटने के लिए सावधान किया जाता है और संपत्ति के साथ कोई भी व्यवहार ACHFL के अधीन होगा, जो इसमें उल्लिखित राशि के साथ उस पर ब्याज का भुगतान करेगा।

उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता और गारंटर का नाम ऋण खाता सं.
डालु गुर्जर (एप्लीकेंट) तीरथ मल गुर्जर (को-एप्लीकेंट) सजनी देवी (को-एप्लीकेंट) लैन नोः 1482020100019 टॉप-उप लैन 148209000007

सुरक्षित संपत्ति का विवरण
पट्टा संख्या 09, ग्राम पंचायत कबराडल्या, पंचायत समिति करेड़ा जिला भीलवाडा, क्षेत्रफल 2668 वर्ग फीट, भीलवाड़ा नगर परिषद की सीमा और उप-पंजीयक 1, भीलवाड़ा के अधिकार क्षेत्र में स्थित संपत्ति का वह समस्त स्थान और पार्सल निम्नानुसार घिरा हुआ हैः पूर्व की ओरः श्री कल्याण मल की संपत्ति, पश्चिम की ओरः रास्ता, दक्षिण की ओरः स्वयं की संपत्ति, उत्तर की ओरः आम रास्ता।

मांग नोटिस की तिथि एवं राशि
08.02.2025/रु. 6,30,860.18/- (रुपये छह लाख तीस हजार आठ सौ साठ पैसे अठारह मात्र) एवं टॉप-अप रु. 5,00,612.50/- (रुपये पांच लाख छः सौ बारह पैसे पचास मात्र)
एनपीए तिथिः 29.01.2025 | कब्जे की तिथिः 17.04.2025

उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता और गारंटर का नाम ऋण खाता सं.
अमर सिंह (आवेदक) संतोष देवी (सह-आवेदक) LAN नंबरः 148202000212

सुरक्षित संपत्ति का विवरण
आवासीय संपत्ति का वह टुकड़ा और पार्सल (पट्टा संख्या 34), जिसका माप 30'x90'-300 वर्ग गज है, जो गांव देवपुरा, ग्राम पंचायत देवमाली, पंचायत समिति मसूदा तहसील मसूदा, जिला अजमेर में स्थित है। पूर्व की ओरः हीरा का घर, पश्चिम की ओरः लाडू का घर, दक्षिण की ओरः कॉमन रास्ता, उत्तर की ओरः सेल्फ बाड़ा

मांग नोटिस की तिथि एवं राशि
08.02.2025/रु. 9,33,785.51/- (रु. नौ लाख तैंतीस हजार सात सौ अस्सी तथा इक्यावन पैसे मात्र)
एनपीए तिथिः 29.01.2025 | कब्जे की तिथिः 17.04.2025

उधारकर्ताओं/सह-उधारकर्ताओं और गारंटरों के लिए वैधानिक नोटिस
उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता और गारंटीकर्ता को यह चेतावनी दी जाती है कि संपत्ति को किसी भी समय सार्वजनिक नीलामी/निविदाओं के माध्यम से बेचा जा सकता है और इसे सुरक्षा (ब्याज) प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 6, 8 और 9 के तहत नोटिस के रूप में भी माना जा सकता है।
स्थानः भीलवाड़ा, अजमेर, राजस्थान
दिनांकः 19.04.2025
एसडी/-
प्राधिकृत अधिकारी
अल्टम क्रेडो होम फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड (ACHFL)

सरवाड में कांग्रेस ने किया विरोध प्रदर्शन

सरवाड़, । सरवाड़ ब्लॉक व नगर कांग्रेस कमेटी सरवाड़ के तत्वावधान में व पूर्व केबिनेट मंत्री डॉ. रघु शर्मा के नेतृत्व मे प्रर्दशन कर नरेन्द्र मोदी के पुतले का दहन किया गया। इस अवसर पर सरवाड़ ब्लॉक कांठोस कमेटी के अध्यक्ष श्यामलाल बैरवा ने बताया कि शुक्रवार को डॉ. रघु शर्मा के नेतृत्व मे केन्द्र सरकार के खिलाफ चमन चौराहा से बस स्टेण्ड तक जुलुस निकाल कर प्रर्दशन कर पुतला दहन किया गया। डॉ रघु शर्मा ने कहा क़ी देश की केन्द्र सरकार ने लोकतांत्रिक मर्यादाओं को रौंदते हुए राजनीतिक विद्वेष के तहत अपनी ताकत का दुरुपयोग शुरू कर दिया है । चेयरपर्सन सोनिया गांधी कांठोस नेता राहुल गांधी तथा अनेक वरिष्ठ कांठोसजनों पर फर्जी एवं दुर्भावनापूर्ण चार्जशीट दायर कर भाजपा सरकार विपक्ष की आवाज़ को कुचलना और दबाना चाहती है, लेकिन कांठोस झुकेगी नहीं लड़ेगी और जीतकर दिखाएगी। इस अवसर पर प्रदेश कांठोस कमेटी के सदस्य सागर शर्मा, ब्लॉक कांठोस सरवाड़ के अध्यक्ष श्यामलाल बैरवा, नगर अध्यक्ष अब्दुल रशीद हाजी केकड़ी, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह राठौड़, नगर पालिका उपाध्यक्ष आरिफ नेब, अम्बेडकर मंडल अध्यक्ष रामस्वरूप प्रजापति, राधेश्याम रेगर, महेन्द्र सिंह जोताया, सत्यनारायण शर्मा, राजेश शर्मा, रामप्रसाद कीर, जगबीर सिंह अरवड़, ओम सिंह गोयला, कुलदीप गेसावत, विशाल मेवाड़ा, संजय साहू, चेतन खींची, समसुद्दीन, पार्षद आशीष जैन, संजय शर्मा, नारायण सोनी, राजेन्द्र सिंह सोलंकी, दशरथ सिंह चादौलाई, अमित जैन, शाहबुद्दीन मंसूरी, कालू मेवाड़ा, टवर सिंह, श्योजी जाट, नारायण गुर्जर, सावर लाल जाट, शिवप्रकाश कलबेलिया, अरविन्द पारीक, अब्दुल नेब, मोहन भील व बाबूलाल भाट सहित अन्य कार्यकर्त्ता मौजूद रहे। संवैधानिक संस्थाओं के दुरुपयोग का लगाया।

तापघात व मौसमी बीमारियों से बचाव की तैयारियां

अजमेर, (कासं)। जिले में लू, तापघात एवं मौसमी बीमारियों से बचाव की तैयारियों एवं अग्रिम व्यवस्थाओं, पेयजल, फ्लेगशिप योजनाओं एवं बजट घोषणाओं की समीक्षा के लिये शुक्रवार को कलेक्ट्रेट के वीसी कक्ष में जिला कलेक्टर लोक बन्धु की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला कलेक्टर लोक बन्धु ने अत्यधिक गर्मी के मध्यनजर जिले में लू, तापघात एवं मौसमी बीमारियों से बचाव एवं रोकथाम की तैयारियों की समीक्षा कर विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए। उन्होंने सभी अधिकारियों को जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों व अस्पतालों में पर्याप्त मात्रा में आवश्यक दवाओं की उपलब्धता रखने, गर्मी से बचाव के लिए पंखे, कूलर की व्यवस्था करने तथा लू व तापघात से प्रभावितों के लिए अलग से वार्ड आरक्षित रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के द्वारा गर्मी के दौरान पेयजल की समुचित व्यवस्था की जाए।

'कांग्रेस डरने वाली नहीं, जरूरत पड़ी तो जूल भर देंगे'

अजमेर, (कासं)। यूपीए चेयरपर्सन सोनिया गांधी व लोक सभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ राजनीतिक प्रतिशोध से ईडी की कार्रवाई से आक्रोशित अजमेर के ब्लॉक कांग्रेस के धरना प्रदर्शन में पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ शामिल हुए।

■ अजमेर के ब्लॉक कांग्रेस के धरना प्रदर्शन व पुतला दहन में शामिल हुए पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़

धरना प्रदर्शन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला फूंकने के दौरान राठौड़ ने केंद्र की मोदी सरकार पर जमकर हमला बोला और ईडी की ओर से सोनिया गांधी और राहुल गांधी सहित अन्य कांग्रेस नेताओं के खिलाफ पेश की गई चार्जशीट पर कई सवाल खड़े किए और भाजपा से उनका जवाब मांगा। धरना प्रदर्शन व पुतला फूंकने के दौरान पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार कांग्रेस और विपक्ष के नेताओं के खिलाफ बदले की भावना से कार्य कर रही है। केंद्र सरकार के दबाव में जांच एजेंसियां अपने अधिकारों का दुरुपयोग कर मनमानी पर उतरी हुई है, ताज्जुब इस बात का है ईडी और सीबीआई सिर्फ कांग्रेस और विपक्षी नेताओं को टारगेट बना रही है, जबकि भाजपा नेताओं के खिलाफ एक भी कार्रवाई अब तक नहीं की गई। विपक्ष के नेता जब भाजपा ज्वाइन कर लेते है तो वे दूध से धुले हो जाते है और उनके खिलाफ कार्रवाई बंद हो जाती है। उन्होंने कहा कहा कि जिस गांधी परिवार ने देश को आजादी दिलाई, उस गांधी परिवार से बदले की भावना से राजनीति की जा रही है और जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की तानाशाही से कांग्रेस डरने वाली नहीं है, अगर सोनिया गांधी और राहुल गांधी के लिए जरूरत पड़ी तो जेल भी भरने से पीछे नहीं हटेंगे। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के निर्देश पर प्रदेश के चार सौ ब्लॉक कांग्रेस में धरना प्रदर्शन किया गया।

कार्यालय आवासीय अभियन्ता, राजस्थान आवासन मण्डल, अजमेर
क्रमांक : 10 जाहिर आम सूचना दिनांक 4.4.25

राजस्थान आवासन मण्डल आवास संख्या 2-B-31-B, खोड़ा गणेश, फेज-चतुर्थ, किशनगढ श्री धर्मेन्द्र शर्मा एवं श्रीमती शशिका आचार्य को आवंटित कर दिनांक 19.01.2016 को आवास का भौतिक कब्जा सौंपा गया था। श्री धर्मेन्द्र शर्मा एवं श्रीमती शशिका आचार्य द्वारा दिनांक 28.08.2022 को आवास का पंजीयन करवा लिया गया। पंजीयन पश्चात् श्री धर्मेन्द्र शर्मा एवं श्रीमती शशिका आचार्य द्वारा आवास का वैचान श्री रामराज सिंह पुत्र श्री मानसिंह को दिनांक 17.09.2024 कर दिया गया। पुनः श्री रामराज सिंह पुत्र श्री मानसिंह द्वारा आवास का वैचान श्री रामचन्द्र सिंह पुत्र श्री शंकर सिंह को दिनांक 24.02.2025 को कर दिया गया। जो कि पंजीयन विभाग की पुस्तक संख्या 1 जिल्द संख्या 1125 में पृष्ठ संख्या 166 क्रम संख्या 202503006101364 पर पंजीबद्ध किया गया तथा अतिरिक्त पुस्तक संख्या 1 जिल्द संख्या 3781 के पृष्ठ संख्या 206 से 219 पर दिनांक 24.02.2025 को वरफा किया गया। अब श्री रामचन्द्र सिंह पुत्र श्री शंकर सिंह ने उक्त आवास से संबंधित विक्रय चैनल प्रस्तुत कर स्वयं के नाम दोहत पंजीयन उपरांत नाम हस्तान्तरण करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। श्री रामचन्द्र सिंह पुत्र श्री शंकर सिंह का नाम मण्डल रिकॉर्ड में प्रतिस्थापन की कार्यवाही विचाराधीन है। अत उक्त कार्यवाही से किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर आम सूचना की विज्ञप्ति के प्रकाशन के 10 दिवस में अपनी उजरदारी/आपत्ति मय सबूत एवं पहचान के दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद गुजरने पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी, नाम प्रतिस्थापन की अग्रिम कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी।
आवासीय अभियन्ता
राजस्थान आवासन मण्डल, खण्ड - अजमेर

प्राधिकृत अधिकारी कार्यालय, नगर परिषद किशनगढ, अजमेर
क्रमांक/नपकि/प्रा.अ./कृ.भू.नि./2025/94 लोक सूचना दिनांकः 17/04/2025

आवेदक 1 श्री चैर्य जैन पुत्र श्री पुनीत कुमार जैन जाति जैन 2 श्री महेन्द्र पाटनी पुत्र श्री मोहनलाल पाटनी जाति जैन 3 श्री संजय पापडीवाल पुत्र श्री प्रेमचंद जैन जाति जैन 4 श्री हरीश कुमार जैन पुत्र श्री निर्मल कुमार जैन जाति जैन 5 सरजू देवी पत्नि श्री किशना 6 लक्ष्मीनारायण पुत्र श्री किशना 7 श्रवण पुत्र किशना । हनुमान पुत्र किशना निवासीगण मदनगंज किशनगढ़ जिला अजमेर राजस्थान ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का औद्योगिक प्रयोजनार्थ गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात

तहसील और जिले का नाम	राजस्व ग्राम का नाम	खसरा सं.	क्षेत्रफल
किशनगढ-अ